मेरे राम उदास ना होना

सूरज को उगने ना दूंगा लक्ष्मण को मरने ना दूंगा,
यह वादा तेरे हनुमान का यह वादा तेरे हनुमान का......

सूरज के पास जाकर पहले समझाऊगा,
मान जाए ठीक नहीं तो मुख में दबाऊगा,
चाहे छा जाए घोर अंधेरा फिर होगा नहीं सवेरा,
यह वादा तेरे हनुमान का यह वादा तेरे हनुमान का.............

कालों का भी काल हूं मैं काल क्या करेगा,
बांध लूंगा मौत को मैं कोई ना मरेगा,
मेरे राम उदास ना होना मेरे रहते कभी न रोना,
यह वादा तेरे हनुमान का यह वादा तेरे हनुमान का.......

ब्रह्मा जी के पास जाकर खाता खुलवा लूंगा,
उम्र होगी छोटी फिर भी लंबी करवा दूंगा,
ब्रह्मा जी की कलम चलेगी लक्ष्मण की उम्र बढ़ेगी,
यह वादा तेरे हनुमान का यह वादा तेरे हनुमान का....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31338/title/mere-ram-udas-na-hona

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |